तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पाइप लाइन लीकेज से कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित, हो रही जल की बर्बादी



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री आज करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन



**कोरबा।** उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा 8 फरवरी को निगम क्षेत्र के टीपी नगर जोनांतर्गत एवं कोरबा जोनांतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में किए जाने वाले पेयजल व्यवस्था से जुड़े साढे. 87 लाख रूपये के कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। भूमिपूजन का यह कार्यक्रम टीपी नगर स्थित टैगोर उद्यान में दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया है।

### अर्चना को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

**कटघोरा।** स्वामी आत्मानन्द हाईस्कूल मदनपुर में विगत दिनों तीन चरण में नवीन पाठ्यपुस्तक को सरलीकृत करने हेतु प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण रखा गया था। चिताघुटरी विद्यालय की शिक्षिका अर्चना किंडो, श्रद्धा शर्मा, पुष्पलता भार्गव, निर्मल पटेल, राजकुमारी साहू, यामिनी दुबे को मास्टर ट्रेनर का दायित्व सौंपा गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने महती दायित्व के सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए उन्हें स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया। जीवन सिंह मरकाम सीएसी सहित संकुल स्टाफ उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, 260 बेटियों के हाथ होंगे पीले

**कोरबा।** सीएसईबी कोरबा पूर्व स्थित फुटबॉल मैदान में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले में वित्तीय वर्ष 2025 -26 में स्वीकृत लक्ष्य अनुरूप 260 बेटियों के हाथ पीले होंगे। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में यह पुनीत आयोजन संपन्न होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवदम्पतियों को सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के साथ वर्चुअली आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

### डीएवी गेवरा में वार्षिक खेल का आयोजन

**गेवरा दीपका।** डीएवी गेवरा में शनिवार को गेवरा स्टेडियम मे वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएम ऑपरेशन एनके साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सीएम पाण्डेय प्राचार्य डीएवी कुसमुंडा विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलो में भाग लिया। विद्यार्थियों के पलकों ने भी बढ़चढ कर खेलो में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य टीपी राव ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय कि उपलब्धि पर प्रकाश डाला।

### राधेय विद्यापीठ इंग्लिश स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसके मिश्रा महा प्रबंधक दीपका क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बेहतर अध्यापन कार्य के कारण स्कूल की लोकप्रियता अर्थात बच्चों की बढ़ती दर्ज संख्या को स्कूल का पैमाना बताया। उन्होंने 2 साल पहले आने और आज आने पर स्कूल के विकास देखकर अत्यंत प्रभावित होते हुए स्कूल संचालक राधेश्याम मनहर को धन्यवाद दिए। स्कूल के प्राचार्या श्रीमती ममता मनहर एवं श्रीमतीसुनीता मेहता ने पुष्पगुच्छ और श्रीफल से सभी अतिथियों का स्वागत किये। प्रोफेसर डॉ.प्यारेलाल आदिले ने अपने 15 मिनट के उद्बोधन में बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान आकर्षण करते हुए संविधान की अधिकार और संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्मशास्त्र में सद्मार्ग पर चलना सीखते हैं और संविधान में मूल्यवान बनना सीखता है अंधविश्वास और आडंबर से बचते हुए विवेक और विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

# हायर सेकेंड्री स्कूलों में तैयार होगी लाईब्रेरी, नए सत्र से दी जाएंगी किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए नए सिरे से लाईब्रेरी तैयार की जाएगी, किताबों की खरीदी नहीं होने के कारण लाईब्रेरी सुनी थी और इनका संचालन भी नहीं हो पा रहा था अब इन स्कूलों में लाईब्रेरी तैयार करने की तैयारी चल रही है। इनके लिए किताबें खरीदने का निर्देश भी दिया गया है।

जिले में कुल 76 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं जिनके लिए लाईब्रेरी उपलब्ध कराने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के शुरु से हैं। किंतु सुविधा भवन और किताबें नहीं होने से लाईब्रेरी स्कूलों में अस्तित्व में नहीं आ सकी थी। चंद किताबें स्कूलों में दी गई थी वह भी पिछले सरकार के समय उसके बाद किताबों की आपूर्ति नहीं हुई जो किताबें बीते वर्ष दी गई थी वह भी आलमारियों में बंद थी ना तो इन किताबों को छात्र पढ़ पाते थे और ना ही स्कूल के शिक्षक लाईब्रेरी के लिए कोई रुचि दिखाई। कुछ स्कूल ऐसे थे जो लाईब्रेरी का संचालन अपनी व्यवस्था के अनुसार कर रहे हैं। इनमें प्राचार्यों की रुचि ही प्रमुख रुप से सामने आयी है। शेष अन्य स्कूलों में लाइब्रेरी के अस्तित्व को लेकर संकट खड़ा हो गया था। सभी स्कूलों की जानकारी शिक्षा विभाग ने तैयार की है जहां लाईब्रेरी के लिए भवन नहीं है और ना ही छात्रों के लिए किताबें उपलब्ध करायी गई हैं। बीते वर्ष 2025 दिसंबर में स्कूलों में लाईब्रेरी शुरु करने हेतु डीएमएफ मद से किताबे खरीदने के लिए योजना तैयार की गई है किंतु परीक्षाओं के मौसम होने के कारण खरीदी का कार्य डंडे बस्ते में चला गया है। नये शिक्षण सत्र शुरु होने से एक बार फिर लाईब्रेरी के लिए किताबों की खरीदी की जाएगी।

## किताबें खरीदने के लिए शिक्षा विभाग को दिए गए निर्देश

**खास बातें**

- अधिकांश स्कूलों में किताबों के बिना सुनी है लाइब्रेरी
- स्कूल में रिक्त पड़े हैं लाइब्रेरियन के कई पद



### मिडिल स्कूल के लिए भी मिली थी किताबें

हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में लाईब्रेरी शुरु करने की तैयारी शिक्षा विभाग ने शुरु किया है। इसके पूर्व दो वर्ष पहले मिडिल स्कूल के लिए भी किताबों की खरीदारी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा की गई थी और रायपुर के एक फर्म के द्वारा जिले के सभी मिडिल स्कूल में किताबों की सप्लाई की गई और वह किताबे आज तक बंडल से नहीं खुली है। बक्से में बंद धूल खा रही है। शिक्षकों ने बताया कि मिडिल स्कूल की लाईब्रेरी के लिए जो किताबें दी गई थी। वह सामान्य ज्ञान से संबंधित एवं सिलेबस से संबंधित नहीं थी केवल कहानियां और अन्य लेख वाली किताबें ही सप्लाई की गई थी। जिनका छात्रों के सर्वांगीण विकास से कोई लेना देना नहीं था। यही कारण है कि मिडिल स्कूल की लाईब्रेरी भी शुरु नहीं हो सकी।

## 30 हाई व 12 हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा परिणाम भी निचले स्तर के

# प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा, 60 व्याख्याताओं के विषय के परिणाम 50 प्रतिशत से कम आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनवरी महीने में संपन्न हुई प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा के दौरान 60 व्याख्याता सामने ऐसे आये हैं जिनके विषय के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से भी कम हैं। वहीं 30 हाई स्कूल व 12 हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा है। इसे लेकर कमजोर छात्रों के परीक्षा परिणाम को सुधारने बाबत प्राचार्यों को उन्हें मार्गदर्शन देने का सुझाव दिया गया है।

**खास बात**

- कमजोर छात्रों को मार्गदर्शन देकर बेहतर अंक लानेके दिए गए सुझाव

माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरु होने जा रही है इसके पूर्व माशिमं ने जनवरी महीने में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की प्री बोर्ड परीक्षा ली गई थी। इस परीक्षा के क्या परिणाम रहे इसके लिए जिला प्रशासन में कलेक्टर के द्वारा हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों और व्याख्याताओं की बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के द्वारा प्री बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम को कलेक्टर कुणाल दुदावत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था उस परिणाम में यह जानकारी सामने आयी कि 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों की संख्या ग्रामीण अंचलों में ज्यादा है और कुल 42 स्कूल ऐसे हैं जिनके परीक्षा परिणाम के 50 प्रतिशत आंकड़े को भी नहीं छू सके हैं। इनमें 30 हाई स्कूल और 12 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। इसी तरह 60 विषय विशेषज्ञ व्याख्याता ऐसे हैं जिनके स्वयं के विषय में परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम है। इससे जाहिर होता है कि ग्रामीण अंचलों में विषय विशेषज्ञ के परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं है। ज्ञात हो कि बोर्ड ने कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाले व्याख्याताओं के खिलाफ कार्यवाही की निर्देश भी दिये हैं ऐसे विषय विशेषज्ञों की जानकारी बोर्ड को पूर्व में भी भेजी जा चुकी है।


फाइल फोटो

### कमजोर छात्रों के लिए मार्गदर्शन देने के निर्देश

प्री बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा हुई है। जिनमें 42 स्कूल ऐसे हैं जिनके परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम है। उन स्कूलों के व्याख्याताओं को छात्रों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए हैं।
**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### युक्तियुक्तकरण से पहुंचे है विषय विशेषज्ञ

ग्रामीण अंचलों के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में विषय विशेषज्ञ व्याख्याता की कमी लंबे समय से बनी हुई थी। उस कमी को बीते वर्ष जून 2025 में आयोजित की गई। शिक्षकों और स्कूलों की युक्तियुक्त प्रक्रिया के तहत दूर किया गया और ऐसे स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इस प्रक्रिया के तहत विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने भी अपने पदस्थापना वाले स्कूलों में उपस्थिति दर्ज कराने में ही लंबा समय बीता दिया। युक्तियुक्तकरण के तीन महीने बाद शिक्षकों ने शासन के कड़ी कार्यवाही के बाद ज्वाईनिंग देना शुरु किया। इससे जाहिर होता है कि व्याख्याता ग्रामीण अंचल के स्कूलों में पढ़ाना नहीं चाहते।

### छात्र नहीं लेते कठिन विषय

ग्रामीण क्षेत्रों में दसवीं के बाद 11वीं कक्षा में विषय लेने के दौरान अधिकांश छात्र बायो और गणित जैसे विषय का चयन ही नहीं करते। अपितु कामर्स और कला संकाय में प्रवेश ले लेते हैं। यह जानकारी उस समय सामने आयी जब विश्वविद्यालय द्वारा जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों को अपने आसपास के शासकीय स्कूलों में छात्रों से संपर्क करने के लिए शाला पोषक अभियान चलाया गया तब यह खुलासा हुआ कि अधिकांश छात्र दसवीं के बाद 11वीं में बायो और गणित जैसे कठिन विषय नहीं लेते जिससे महाविद्यालयों में बीएससी में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या शून्य रहती है।

## मोटरसायकल की चोरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त मोटरसायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में बाइक चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटर सायकल को बरामद किया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास राताखार निवासी मोहम्मद असलम सिद्दीकी पिता स्व.अजगर सिद्दीकी 59 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 3 फरवरी की रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर उसकी सोल्ड मोटरसाइकिल रॉयल एनफील्ड हंटर को घर से चोरी कर ली थी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इस बीच नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को मुखबीर से सूचना मिली कि क्षेत्र के ही कुछ चोरों ने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस ने मुखबीर के बताए सूचना के आधार पर पुलिस ने संजयनगर निवासी शुभम खत्री पिता स्व.अनिल खत्री 23 वर्ष, लक्ष्मणवन तालाब निवासी आकाश मेंहेन पिता स्व.अनूप महल 28 वर्ष, राकेश यादव पिता शंकर यादव उम्र 26 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसायकल को बरामद कर लिया है। इस मामले को सउनि रामकुमार उईके, सउनि चक्रधर राठौर, सुनील सिंह राजपूत, चंद्रकांत गुप्ता, आलोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध स्क्रैप यार्ड में पुलिस का छापा, किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कबाड़ चोरी करने वाले व खपाने वाले लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है।

**खास बातें**

- उरगा थाना क्षेत्र के बरबसपुर रोड पर बने अवैध स्क्रैप यार्ड पर की गई कार्रवाई
- भारी मात्रा में वाहनों के पुर्जे किए गए जब्त

पिछले कुछ दिनों में कई कबाड़ दुकानों में कार्यवाही की है। वहीं प्रशासन व पुलिस ने बरबसपुर स्थित एक अवैध स्क्रैप यार्ड में छापेमारी की कार्यवाही की गई। जहां बड़े पैमाने पर वाहनों के कलपुर्जे जब्त किए गए हैं और प्रशासन व पुलिस ने उक्त यार्ड को सील कर दिया है।


पुलिस ने यार्ड को किया सील।

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना उरगा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने ग्राम बरबसपुर बायपास रोड स्थित एक स्क्रैप यार्ड में अवैध रूप से भारी मात्रा में चोरी से संबंधित लोहे का सामान, हाइवा, ट्रेलर एवं ट्रक के पुर्जे संग्रहित कर रखे गए हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। जांच के दौरान स्क्रैप यार्ड संचालक नूर आलम पिता मोहम्मद मुरजा उम्र 33 वर्ष उपस्थित मिला। ⏭ शेष पेज 3 पर

# कोल इंडिया की न्यू लेबर कोड हड़ताल पर काम नहीं तो वेतन नहीं की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार लेबर कोड को लेकर 12 फरवरी को श्रमिक तथा अन्य संगठनों की देशव्यापी हड़ताल बुलाई गई है। हड़ताल को लेकर कोयला कंपनियों में काफी हलचल है। श्रम संगठनों की ओर से कोयला सेक्टर भी हड़ताल का नोटिस दिया है। इधर, हड़ताल को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी साईराम ने एक अपील जारी की है। कोल इंडिया द्वारा बिजली के अलावा, स्टील, सीमेंट और उर्वरक जैसे जरूरी उद्योगों को भी कोयला की आपूर्ति की जाती है, जो देश की आधारभूत संरचना के विकास के लिए बहुत जरूरी है। श्रम प्रवर्तन प्राधिकरणों के समक्ष सुलह की प्रक्रिया में है, यह एक गैर-कानूनी हड़ताल होगी और इस पर काम नहीं तो वेतन नहीं और अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाही लागू किया जाएगा।

**खास बातें**

- चार लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को आहूत की गई देशव्यापारी हड़ताल
- श्रमिक संगठन हड़ताल को सफल बनाने एरिया स्तर पर कर रहे हैं गेट मिटिंग


फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि कोयला उद्योग में कार्यरत एमएचएस, एटक, सीटू, इंटक से जुड़े कुछ श्रम संगठनों द्वारा 12 फरवरी को चार लेबर कोड के नोटिफिकेशन तथा श्रमिकों एवं जनसामान्य की अन्य मांगों के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल का नोटिस दिया गया है। औद्योगिक संबंध संहिता 2020 एवं उसके अंतर्गत नियमों के प्रावधानों के अनुसार, उक्त हड़ताल नोटिस को मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), नई दिल्ली, कोयला मंत्रालय एवं अन्य प्राधिकरणों को भेजा गया है। कोल इंडिया एवं इसकी अनुषंगी कंपनियां देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जो देश के कुल कोयला उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत उत्पादन करती हैं। मानसून से प्रभावित उत्पादन अब फिर से पटरी पर आ रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने और ऊर्जा क्षेत्र की मांग को पूर्ण करने के लिए बिना किसी अवरोध के काम जारी रखना आवश्यक है। काम बंद होने से अनुषंगी कंपनियों की उत्पादन क्षमता में ⏭ शेष पेज 3 पर

## हादसों को रोकने की दिशा पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया जा रहा काम

# सड़क किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगा रही है यातायात पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार यातायात पुलिस काम कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस हादसों को रोकने के लिए तरह तरह की उपाय कर रही है। जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में सड़क हादसों के ग्राफ में कमी आई है। अब यातायात पुलिस जिले के कुछ मार्गों को चिन्हांकित कर सड़क के किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम लगाने की दिशा पर पहल कर रहा है ताकि सड़क पर होने वाले हादसों पर लगाम लगाई जा सके।



पेड़ पर रेडियम लगाती यातायात पुलिस की टीम।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस नए नए नवाचार के साथ तरह-तरह के उपाय कर रही है। खासतौर पर हादसों को रोकने के लिए पुलिस काम कर रही है, जिसमें पुलिस लगातार स्कूल कॉलेज में पहुंचकर बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर ऐसे सड़क की पहचान कर रही है, जहां रात के समय ज्यादातर हादसे होते हैं। यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम शनिवार को झगरहा, बरबसपुर मार्ग पर पहुंची जहां ट्रक चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया है। साथ ही इस पूरे मार्ग में दर्जनों स्थानों पर सड़क किनारे लगे पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाने का काम किया गया है। श्री राठौर ने बताया कि विगत दिनों पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा इसकी शुरूआत उरगा करतला मार्ग से किया गया था। इसी कड़ी में अब पुलिस द्वारा शहर सहित आउटर में सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम पट्टी लगाने काम किया जा रहा है, ताकि रात के समय चालकों को आसानी से नजर आ सके।

## किंग कोबरा सहित अन्य वन्य प्राणियों के संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक


स्कूल बच्चों को जागरूक करती नोवा नेचर की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदमुरा के शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कुदमुरा में नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सांप संरक्षण एवं सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसमें मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट एवं यूएसवी प्राइवेट लिमिटेड सहयोगी संस्था के रूप में सहभागी रहे। विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को सांपों की पहचान, पारिस्थितिकीय भूमिका, सुरक्षित रेस्क्यू, सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार एवं भ्रांतियों के वैज्ञानिक समाधान की जानकारी दी गई। लगभग 200 से अधिक छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने दोनों विद्यालयों में सहभागिता कर जीवन रक्षक जानकारियाँ प्राप्त कीं। जितेंद्र सारथी ने पीपीटी के माध्यम से बच्चों को विषहीन एवं विषैले सांपों की पहचान बताई ⏭ शेष पेज 3 पर

# JGi THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)



## SHAPING MIND, BUILDING FUTURE

Welcome to The Jain International School, Bilaspur (C.G), where every child's educational journey begins with joy and discovery. We are excited to unfold Pathways prospective students to join our nurturing and vibrant community that Paves Path for a joyful and enriching educational journey there by laying the foundation for lifelong success.

## ADMISSIONS OPEN

**NURSERY TO IX & XI, (Session 2026-27)**





### AMENITIES:

- **Academic Excellence:** A consistent legacy of District & State Toppers.
- Dual Curriculum Advantage: **Affiliated with CBSE & Launching Cambridge International Education (IGCSE & ESOL).**
- Integrated Career Coaching: Specialized prep for **IIT-JEE, NEET, CLAT, NID, NATA, NIFT,CUET, LSAT, SLAT, CA, and CS** all under one roof.
- **Future-Ready Skills: DEDICATED AI, ROBOTICS, & CODING LAB.**
- **Mathematics and Digital Language Labs.**
- Advanced Sports Facilities: **Horse Riding, Archery, Taekwondo, Tennis Lawn, Skating, Cricket, Football, Swimming.**
- Excellent Boarding: **Fully Air-Conditioned Classrooms & Separate Boarding Houses for Boys & Girls.**
- Performing Arts Qualifications: **Trinity School of Music (London) & Bhatkhande Music Qualifications.**
- **NCC Air Squadron, Naval Wing, Weapon Training & Shooting Range.**
- **Art and Design Space.** • **Digital Library**
- **French as Foreign Language.**
- Security & Safety: **CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary**

**SCHOLARSHIP OPPORTUNITY** UP TO **100%** SCHOLARSHIP

### TJIS ADVANTAGE

- US, UK and Australian College/ University Admission Assistance.
- Smart Classes
- Student Leadership Programme
- Medical Facility
- Central Dinning Hall for Nutritious Diet.
- Inter & Intra – School
- Technology Aided Learning
- Competitions
- Multi Disciplinary Sports & Games Facilities
- Club & Activities
- Domestic and Foreign Tours.
- Hobby Classes
- Teacher Student Ratio 1:30
- Guest Lectures
- 'MUN' (Model United Nations).
- Field Trips
- Inter Disciplinary Academic Rigour/ Approach

### SPECIAL PRIVILEGE TO:

- Armed Forces/Police
  *Army *Navy *Air Force *CRPF *ITBP *BSF *SSB *CISF Personnel
- High Court Employees
- Bank Employees
- Railway Employees
- University/College Employees.

### SPECIAL ADMISSION BENEFITS

- Fee* Relaxation
- Priority Admission Support.
- Scholarship provision for meritorious

Concept & Design @ AdPRAYAS



Mugeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG)
+91 9584461666, 9584461668, 9993589494

Follow us

www.tjisedu.in
www.tjisedu.in/admission
entab.online/tjiscg)

For Admission scan this QR code

## खबर संक्षेप



### पूर्व मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक मंडल अध्यक्षों को दिलाई शपथ

**कोरबा।** कोरबा विधानसभा के ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और ब्लॉक व मंडल अध्यक्षों को शपथ दिलाई। जिनमें दर्री-जमनीपाली, कुसमुंडा, एवं कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष एडी जोशी, राजेन्द्र तिवारी, बसंत चंद्रा, पालुराम साहु सहित मंडल अध्यक्ष देवीदयाल सोनी, बुद्धेश्वर चौहान, रोपा तिर्की, इकबाल कुरैशी, सुरती कुलदीप, अश्वनी पटेल, सुकसागर निर्मलकर एवं प्रदीप जायसवाल, मनीष शर्मा एवं जवाहर निर्मलकर शामिल रहे। इस दौरान श्री अग्रवाल ने बताया कि किस तरीके से कोरबा विधानसभा में फर्जी आवेदन लगाकर पात्र मतदाताओं के नाम विलोपित कराया जा रहा है, जो मूलतः कांग्रेस के विचारधारा को मानने वाले हैं। इस प्रकार से मनरेगा को नियमों में सुधार करने के नाम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया गया और ग्रामीणों के जीवनदायनी रोजगार गारंटी योजना को कमजोर किया गया है, वहीं प्रदेश भर में शुरू से लेकर अंत तक किसान धान खरीदी केंद्रों के अव्यवस्था को लेकर परेशान रहे हैं। धान खरीदी बंद होने के बाद भी आज भी अनेकों किसान धान बेचने से वंचित रह गये हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को बूथ स्तर पर जिम्मेदारी लेनी होगी। सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों ने कहा कि एआईसीसी का जो मुद्दा रहेगा, सबको साथ लेकर उसी मुद्दे पर काम करेंगे। समारोह को जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, इंटक अध्यक्ष रामइकबाल ने भी संबोधित किया।

### साइबर सेल को रिपोर्ट कर आर्थिक व मानसिक नुकसान से बचें

कोरबा। मजबूत पासवर्ड बनाकर, मल्टीफैक्टर ऑथेंटिकेशन, लालच व भ्रम में न पड़कर आप सभी अपने आप को डिजिटली सुरक्षित रख सकते हैं इसके बावजूद यदि आप ठगी के शिकार हो जाते हैं तो तत्काल 1930 पर कॉल करें तथा साइबर सेल को रिपोर्ट कर आर्थिक व मानसिक नुकसान से अपने आप को बचा सकते हैं। उक्त बातें कमला नेहरू महाविद्यालय के द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता पर आयोजित व्याख्यान माला में साइबर थाना कोरबा के टीआई ललित चंद्रा तथा साइबर एक्सपर्ट डेनिम ओगरे द्वारा व्यक्त किए गए।

### स्पीड ब्रेकर में भी नहीं की गई लाइनिंग

# खतरनाक मोड़ बन रहे हादसों का कारण, नहीं लगे हैं संकेतक बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों के प्रमुख मार्गों में ऐसे अंधे मोड़ मौजूद है जो हादसे का कारण बनते जा रहे हैं। इन मोड़ के समीप

**खास बात**

- ग्रामीण अंचल के प्रमुख मार्गों में मौजूद है मोड़



रेलिंगविहीन पुलिया, जहां नहीं लगा है संकेतक बोर्ड।

किसी तरह के संकेतक बोर्ड भी नहीं लगे हैं और इनके समीप बनाए गए स्पीड ब्रेकर में किसी तरह की लाईनिंग नहीं की गई जिससे वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर की जानकारी नहीं मिल पाती और हादसों का शिकार हो रहे हैं।

ऐसे प्रमुख मार्ग जहां खतरनाक मोड़ मौजूद हैं वहां किसी तरह के संकेतक बोर्ड लगाने की जरुरत ना तो लोक निर्माण विभाग ने समझी और ना ही पीएमजीएसवाई ने। दोनों ही विभागों ने अपने अपने क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य पूरा करने के बाद बोर्ड लगाने का काम अधूरा छोड़ दिया। ऐसे प्रमुख मार्गों में जामबहार से देवपहरी मार्ग, अजगरबहार से कछार एतमानगर मार्ग तथा गुरसियां से मोरगा एनएच पीडब्ल्यूडी मार्ग प्रमुख रुप से शामिल हैं जहां अंधे मोड़ के लिए लगने वाले संकेतक बोर्ड नहीं लगे हैं। साथ ही साथ इन मार्गों में कुछ छोटी पुलियों का निर्माण हुआ है इनमें भी रेलिंग नहीं लगी है। ऐसी छोटी छोटी विभागीय लापरवाही के कारण आमजनता को हादसों का शिकार हो रही है। जामबहार से अजगरबहार के बीच चुहिया नाले में बनी पुलिया रेलिंग विहिन है वहीं पुलिया के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाए गये हैं उसमें भी लाईनिंग का कार्य नहीं किया गया जिससे वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर होने का एहसास ही नहीं होता इसी तरह अजगरबहार चौक से कछार होकर एतमानगर बांगो जाने वाली सड़क में भी पहाड़ी रास्ते में अंधे मोड़ मौजूद है। घाटी क्षेत्र होने के कारण इस मार्ग में हादसे भी होने लगे हैं। देवपहरी से बिलासपुर जाने वाली यात्री बस भी इसी मार्ग से चलने लगी है। जिससे इस मार्ग में अब आवागमन बढ़ गया है। पीएमजीएसवाई के द्वारा इस सड़क का निर्माण किए जाने के बाद मोड़ के समीप संकेतक बोर्ड लगाने का काम नहीं किये जाने से हादसे हो रहे हैं।

**पोड़ी उपरोड़ा से मोरगा मार्ग में भी है मोड़**

पोड़ीउपरोड़ा से मोरगा तक जाने वाले एनएच में कई ऐसे स्थान हैं जो हादसों के लिए जाने जाते हैं। एनएच पीडब्ल्यूडी के द्वारा कटघोरा से ताराघाटी तक टू लेन सड़क का निर्माण तो किया गया है लेकिन इस मार्ग में खतरनाक मोड़ कई स्थानों पर मौजूद है। वहीं सड़क के निर्माण के दौरान भी तकनीकी खामियां भी नजर आती है। हादसों का एनएच में होना विभागीय खामियों को उजागर करता है। कई हादसे होने के बाद भी एनएच पीडब्ल्यूडी के द्वारा केवल ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित का कार्य किया जाता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अवैध स्क्रैप...

यार्ड में रखे गए वाहनों के पुर्जे एवं लोहे के सामान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर उसके द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। दस्तावेजों के अभाव में उक्त सामग्री के अवैध होने की आशंका पर पुलिस द्वारा विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए मौके से भारी मात्रा में ट्रेलर की मंडी, डाला बॉडी एवं अन्य लोहे का सामान लगभग 1200 टन, अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। नगर निगम टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर स्क्रैप यार्ड को सीलबंद किया गया।

### कोल इंडिया की न्यू...

बाधा आ सकती है और देश में कोयले की आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) आयातित कोयले पर निर्भरता को कम करके आत्मनिर्भर भारत पहल में अहम योगदान दे रहा है। कोयला उद्योग में हड़ताल से देश की निरंतर ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ेगा। कोल इंडिया चेयरमैन के अपील के बाद कोयला कंपनियां में इसी के तर्ज पर गतिविधियां तेज हो गई है। यूनियन नेताओं से प्रबंधन की ओर से लगातार इस पर सहयोग की बात कही जा रही है।

### किंग कोबरा...

साथ ही सर्प दंश होने पर क्या करें और क्या न करें इसको बताया एवं अंध विश्वास से दूर रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य डॉ.नीता चक्रवर्ती, एनसी पटेल, राजीव आदित्य, केजे तुर्की, बीएन पटेल, हर्षिता साहू, नशीम खान, एनके पटेल, पवन दस, वनस्पति विशेषज्ञ सुश्री प्रियंका नेताम सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री से कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



**कटघोरा।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को अल्प प्रवास के लिए कटघोरा के स्थानीय रेस्ट हाउस में रुके थे। उनके आगमन पर भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा व मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात किये। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तम रंधावा, जिला महामंत्री अजय मण्डल महामंत्री समंजित सिंह, डेक्रान्त देवांगन, प्रीतम देवांगन, मण्डल उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया, अनुराग दुहलानी, ललिता डिक्सेना, शिव मित्तल, अनिल दुहलानी, पार्षद पवन अग्रवाल, अजय गर्ग, विनोद जायसवाल, फारूक शेख उपस्थित रहे।

प्रो.नं. 28/26 प्रकरण क्रमांक 03/2026
पेशी तारीख -02.03.2026

**न्यायालय कु. रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा (छग)**

श्रीमती केजाबाई वादी/आवेदक

विरुद्ध

छ.ग. शासन द्वारा सचिव स्कुल शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर वगै0 प्रतिवादी/अनावेदक

बनाम

छ.ग. शासन द्वारा सचिव स्कुल शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर (इससे जो भी संबंधित हो)

वादी/आवेदक श्रीमती केजाबाई के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक छ.ग. शासन द्वारा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर वगै0 के विरुद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान कु. रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 02.03.2026 की तिथि है। अतः प्रतिवादी/अनावेदक छ.ग. शासन द्वारा सचिव स्कुल शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर (इससे जो भी संबंधित हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 02.03.2026 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 05.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांकः-05.02.2026

**(कु. रंजू वैष्णव)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम सहश्रम न्यायालय कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**(नोटिस)**

राजू चौहान आवेदक

बनाम

प्रफुल्ल यादव अनावेदक

प्र.क्र.36/ईसी एक्ट / 2024 (फैटल)
पेशी तारीख 20.02.2026

उपरोक्त आवेदक राजू चौहान वगैरह के द्वारा अनावेदक प्रफुल्ल यादव के विरूद्ध धारा 22 (क) एवं सहपठित धारा 10 कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम सहश्रम न्यायालय कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) में प्रकरण प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 20.02.2026 की तिथि नियत है।

अतः प्रतिवादीगण/अनावेदक प्रफुल्ल यादव पिता रविन्द्रनाथ यादव निवासी क्वा.नं. एमक्यू-229, वार्ड नं. 15, पुलिस लाईन दीपका कालोनी, एसईसीएल गेवरा परियोजना, थाना दीपका, तह. दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) को उक्त धारा 22 (क) एवं सहपठित धारा 10 कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.02.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

**आयुक्त**
**सहश्रम न्यायालय कोरबा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट












## खबर संक्षेप



### दमखांचा में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा।** ग्राम दमखांचा में डीएमके कप स्व.कु.रागिनी पैकरा की स्मृति में टेट्रान बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। डीएमके कप ग्राम दमखांचा में लगातार 8वां वर्ष आयोजित किया, जिसमें फ़ाइनल मैच के मुख्य अतिथि श्रीमती अशोका कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत वन समिति कोरबा, सत्यनारायण कंवर अध्यक्ष सचिव संघ करतला, जीवन बिंझवार, लखेश्वर साहू, सुरेश साहू, पवन कुमार कंवर सरपंच कराईनारा, भोजराम कंवर सरपंच पहाड़गांव, प्रताप सिंह कंवर उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत किया इसके पश्चात टास किया गया फ़ाइनल मैच सिवनी वर्सेस तुमान के मध्य खेला गया। सिवनी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया सिवनी के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 ओवर में 94 रनों का लक्ष्य दिया। तुमान के टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 ओवरों में 46 रन ही बना सकी और 48 रनों से यहां मैच सिवनी ने जीत हासिल कर लिया।

### मृत्यु के भय से मुक्त कर मोक्ष तक पहुंचाती है भागवत कथा



**हरदीबाजार।** हरदी बाजार क्षेत्र के ग्राम बम्हनीकोन में यादव परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा 2 फरवरी से प्रारंभ हुआ है, जिसका विश्राम 10 फरवरी को हवन, गीता पाठ, तुलसी वर्षा, ब्राह्मण भोजन के साथ होगा। भागवत कथा का रसपान करा रही राष्ट्रीय भगवताचार्य पूज्या दीदी हेमलता शर्मा ने उपस्थित भक्तबिंदो को बताया कि जो भगवान के शरण में आ जाते है भगवान उनको चौरासी के चक्कर से मुक्त कर देते है। श्रीमद भागवत कथा सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि मृत्यु के भय से मुक्त कर देने वाला महापुराण है। यह ग्रंथ भक्ति आत्मज्ञान और मोक्ष की ओर ले जाने वाली अद्भुत कृति है। साथ ही उन्होंने जीवन मूल्यों से जुड़ी शिक्षाओं, भक्ति के मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कथा के दौरान वामन अवतार, श्रीराम जन्म, कृष्ण जन्म महारास की कथा एवं झांकी ने उपस्थित भक्तों का मनमुग्ध कर दिया। आयोजक परिवार से क्षेत्र के सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भागवत कथा रसपान करने की अपील की है।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** बेलाकछार बालको में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के बारहवें वर्ष का शुभारंभ किया गया। प्रथम मैच बॉयज स्पॉटिंग क्लब बालको और देवपहरी स्टार के बीच खेला गया जिसमें बालको की टीम 13 अंकों से विजेता रही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दोन्दरो के सरपंच बंधन सिंह कंवर, उपसरपंच प्रमिला पटेल, वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद हितानन्द अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य बलराम साहू, पंच सुफल दास, अनिल दास, विनोद प्रजापति, वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी रामाधार चन्द्रा, नेहरू लाल वर्मा, नागेश ठाकुर, जे एल वर्मा, अमर दास साहू के अलावा गणमान्य नागरिक मनहरण पटेल, देव लाल यादव, के पी मनहर, छोटू लाल देवांगन, रेशम लाल साहू एवं समिति के सलाहकार राजेश धीवर, संजू धुर्वे, अभय यादव, अमित शर्मा, योगेश पटेल, राम सहाय पटेल उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष केशव चन्द्रा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण दास, तुलेश्वर यादव, सचिव लिलेश्वर शर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील देवांगन, संगठन सचिव नरेंद्र देवांगन, कृष्णा पटेल, गोपाल दास, सहसचिव टीमन दास, राजेंद्र दास, रवि दास, प्रचार सचिव लकेश्वर दास, प्रफुल्ल बरेठ, राम चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी मोहन चन्द्रा, तरुण देवांगन, रेवती रमण चन्द्रा, मीडिया प्रभारी राकेश साहू, एवं सदस्य संदीप चौहान, ओम मानिकपुरी, पूजल देवांगन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में बढ़ा लोगों का विश्वास

**कोरबा।** एक ओर जहां लोग छोटी से छोटी समस्याओं या जरूरतों पर निजी अस्पतालो की ओर रुख करते हैं और डिलीवरी जैसे जीवन - मरण का सवाल होने पर लगभग अधिकांश जनसमुदाय प्राइवेट अस्पतालों निजी क्लिनिक पर जाना पसंद करते हैं। वहीं दूसरी ओर सुदूर वनाँचल क्षेत्र की आबादी पूरी तरह से सरकारी अस्पताल एवं अस्पताल के स्टॉफ पर पूर्ण रूपेण विस्वास करती है और डिलीवरी की बात हो तो ये विश्वास और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2025 में लेमरू सेक्टर में कुल 340 संस्थागत प्रसव हुए इसमें जिला चिकित्सालय कोरबा में 42 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू में 235 तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र में 55 डिलीवरी सुरक्षित ढंग तथा सामान्य कराया गया तथा शेष डिलीवरी अन्य जिलों के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ है। पिछले सत्र की बात करें तो सत्र 2024-25 में 8 डिलीवरी निजी अस्पतालो में कराएंगए थे तथा सत्र 2023-24 में 12 डिलीवरी निजी संस्थाओं में सम्पादित हुए थे।

# पाइप लाइन लीकेज से कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित, हो रही जल की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर निगम की जल प्रदाय व्यवस्था एक बार फिर प्रभावित हो गई। अंचल के कोहड़ियि क्षेत्र अंतर्गत एक स्थान पर मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने से ओवरहेड टैंकों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं हो सकी। नगर निगम का तकनीकी अमला इस खराबी को ठीक करने में लगा है।

इस खामी के बनने पर ही जल आपूर्ति संभव होगी। जानकारी के अनुसार नगर निगम के मुख्य जलोपचार संयंत्र कोहड़ियि से पानी का शुद्धिकरण करने के साथ इसे निगम क्षेत्र के विभिन्न ओवरहेड टैंक तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद तय शेड्यूल में वहां से आसपास के क्षेत्रों के लिए जल आपूर्ति की जाती है। कोहड़िया क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित एक स्थान पर मुख्य पाइप लाइन में अज्ञात कारण से लीकेज की समस्या हुई। यह लीकेज काफी बड़ा था और इसके कारण यहां से बड़ी मात्रा में पानी का बहाव जारी रहा। तत्पश्चात पाइप लाइन से ओवरहेड टैंक तक पानी पहुंचने में समस्याएं हुई। ऐसे में स्वाभाविक रूप से न तो ओवरहेड टैंक पर्याप्त स्तर तक भरे जा सके और न ही वहां से आगे जलापूर्ति की जानी संभव हो सकी। बताया गया कि बड़े हिस्से में पानी आपूर्ति नहीं हो सकी। समस्या को देखते हुए नगर निगम की जल प्रदाय शाखा के तकनीकी अमले ने समस्याग्रस्त स्थान पर आवश्यक सुधार कार्य शुरू किया है। अधिकारियों के निर्देशन में यह काम चल रहा है। कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि हरसंभव कोशिश की जा रही है कि खराबी को ठीक किया जाए और संबंधित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### ओव्हर हेड टैंक तक नहीं पहुंच रहा था पानी

**खास बातें**

- निगम की जल प्रदाय शाखा जुटी मरम्मत कार्य में, मरम्मत के बाद शुरू हुआ जल आपूर्ति



## बैंक मैनेजर निजी काम से परिवार सहित गया था रायपुर

# एसबीआई के मैनेजर के घर चोरों का धावा, लाखों के जेवर ले भागे



चोरी के बाद बिखरा सामान।





जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसबीआई के चीफ मैनेजर के सूने मकान को चोरों ने धावा बोलकर लाखों का सोना पार कर दिया है। चोरी का मामला सामने आते ही पुलिस फॉरेंसिक व खोजी डॉग की मदद से पुलिस अपराधियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कररही है। हालांकि पुलिस को चोरों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दादर रोड की है। बताया जाता है कि दादर रोड निवासी एसबीआई के चीफ मैनेजर राजू मोदी शुक्रवार की सुबह सपरिवार किसी काम से अपने घर में ताला बंद कर रायपुर गए हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर मकान में रखे लाखों रूपये कीमती सोने के स्वर्ण आभूषण लेकर फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि राजू मोदी जब शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे वापस अपने घर पहुंचा तो देखा की घर का सारा सामान अस्त व्यस्त है। जिससे यह साफ हो गया कि चोरों ने हाथ फेर दिया है और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चोरी की सूचना पर मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर, खोजी डॉग बाघा, फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी क्षेत्र के दादर रोड में शुक्रवार की रात हुई चोरी की वारदात

### कैश और लैपटॉप छोड़ गए चोर

राजू मोदी ने पुलिस को जानकारी दी है कि चोरों ने घरसे सोने के सामनों की ही चोरी की है, जबकि घर में रखे लगभग 20 हजार रुपये नकद और लैपटॉप जैसे कीमती सामान भी रखे थे, लेकिन चोरों ने उन्हें हाथ तक नहीं लगाया है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसमें रात लगभग 11 बजकर 10 मिनट पर एक शातिर चोर दीवार फांदकर घर में घुसता हुआ नजर आ रहा है। परिवार के पहुंचने से कुछ समय पहले ही चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबाह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस

बैंक अधिकारी के घर हुई चोरी के मामले को सुलझाने के लिए आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस क्षेत्र में लगे दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर व साइबर सेल की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की तहकीकात में जुटे हुए हैं। जिस तरह से चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है इससे ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि शातिर बदमाश उसी क्षेत्र के हो सकते हैं, क्योंकि जैसे ही उन्हें यह मकान खाली मिला उन्होंने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

# मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वालों पर गिरी पुलिस की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर फरार्टे भरते हुए स्टंटबाजी करने वाले मनचले युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को फिर से शहर में दर्जनों युवक फर्राटे भर रहे हैं। नगर पुलिस अधीक्षक इस दौरान शहर के पेट्रोलिंग पर थे, जब उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल टीपी नगर चौक पर ही यातायात पुलिस के साथ मिलकर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी और 8 से अधिक मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वाले लोगों की गाड़ी को जब्त कर सख्ती से कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर घूमने वाले चालको के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार की रात नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने टीपी नगर चौक में विशेष अभियान चलाया और उनकी टीम ने फरार्टे भर रहे बाइक चालकों की शहर के अलग अलग चौक चौराहों में घेराबंदी की। जहां अभियान का मुख्य उद्देश्य उन मोटरसाइकिल चालकों पर कार्रवाई करना था जो तेज गति से वाहन चला रहे थे, लापरवाह ड्राइविंग एवं खतरनाक स्टंट कर रहे थे, तथा तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर के माध्यम से शहर में उपद्रव फैला रहे थे। कार्यवाही के दौरान कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

**खास बात**

- सीएसपी व यातायात पुलिस ने टीपी नगर चौक पर की कार्यवाही

# पुलिस ने ऑडियो संदेश के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में सजग कोरबा अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता संबंधी विशेष पहल की गई। इसी क्रम में सजग कोरबा अभियान के तहत पुलिस द्वारा आम नागरिकों को लूट, ठगी एवं चोरी जैसी घटनाओं से बचाव हेतु सतर्क एवं जागरूक किया जा रहा है। विशेष रूप से बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं की संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा एहतियाती उपाय अपनाने की अपील की जा रही है। पुलिस द्वारा इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ी भाषा में जागरूकता संदेश युक्त पंपलेट तैयार कर बैंक, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों में चस्पा किए गए हैं, ताकि स्थानीय नागरिकों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस द्वारा ऑडियो संदेश (माइक लाउडस्पीकर) के माध्यम से भी बैंक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नागरिकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# वार्ड वासियों की मांग अनुसार कार्य हों हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : लखनलाल



फीता काटकर शुभारंभ करते उद्योग मंत्री एवं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्डवासियों व आमजन की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप वार्डों में विकास कार्य किए जाएं, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जनता जनार्दन की मांग को पूरा करना, मैं अपना प्रथम कर्तव्य समझता हूं। विधानसभा चुनाव के दौरान शिवनगर बिरसामुन्डा मोहल्ला के नागरिकबंधुओं एवं शिव फाउंडेशन के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण की मांग मेरे समक्ष रखी गई थी, उनकी मांग का सम्मान करते हुए 25 लाख रूपये की लागत से यह भवन बनाया गया है, आज यह भवन यहाँ की जनता जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित किया गया, अब बस्ती के लोगों को अपने विभिन्न आयोजनों, कार्यक्रमों के लिए एक सुविधापूर्ण स्थान उपलब्ध हो चुका है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बालको जोनांतर्गत वार्ड क्रमांक 47 व 39 में भूमिपूजन व लोकार्पण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर लोगों के दुख दर्द को दूर किया है, तो वहीं देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी ऐतिहासिक रूप से कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि डॉ.रमन सिंह ने अपने 15 वर्ष के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश का ऐतिहासिक रूप से विकास किया, दर्जनों योजनाएं चलाई और अब आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरी इच्छाशक्ति व समर्पण के साथ छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं तथा उनके मार्गदर्शन में प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। इस दौरान वार्डवासियों को 2 करोड़ 17 लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। जिसमें नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण, विभिन्न वार्डों के 8 स्थानों पर आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण सहित सड़क, नाली व पाईप लाईन विस्तार के नवीन कार्य शामिल हैं।

**खास बात**

- बालको जोनांतर्गत वार्डों को मिली 2 करोड़ 17 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात

### कोरबा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहें हैं, उद्योग मंत्री

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कोरबा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहे हैं, उन्होने कोरबा के विकास के लिए, वार्ड बस्तियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया है, यहाँ के विकास कार्यों हेतु उनके द्वारा लगातार फंड की व्यवस्था की जा रही है, हमारा सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का भी पूरा आशीर्वाद कोरबा के विकास के लिए लगातार प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपने जिस आशा व विश्वास के साथ मुझे एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन को अपना आशीर्वाद दिया है, आपके उस विश्वास, आपकी उस उम्मीद को कभी खंडित नहीं होने दिया जाएगा।

# कोरबा पब्लिक स्कूल जमनीपाली में मनाया गया वार्षिक उत्सव



पूर्जा अर्चना करते उद्योग मंत्री एवं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पब्लिक स्कूल जमनीपाली में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर उद्योग, मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी सिंह राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित थे। इस अवसर पर डायरेक्टर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे, जिला खनिज न्यास सदस्य एवं वार्ड पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, वरिष्ठ पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, एनटीपीसी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य अभिमन्यु साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण ठाकुर, उपाध्यक्ष होमलाल भारिया, उपाध्याय विजय मीरी, मंडल उपाध्यक्ष संजय कुर्वंशी, मंडल महामंत्री अंजय अग्रवाल एवं किशोर साहू, मंडल मंत्री अनिल गिरी, मुकुंद पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




